लायन्स क्लब झुंझुनूं द्वारा सम्पन्न गतिविधियां

www.myjhunjhunu.com/jhunjhunulionsclub

माई झुं. न्यूज। लायन्स क्लब झुंझुनूं द्वारा माह मई माह में सम्पन्न गतिविधियां इस प्रकार है-

साधारण सभाएं:- दिनांक 7 एवं 21 मई को आईआईजेटी कृष्णा कॉम्पलेक्स में रात्रि 8 बजे आयोजित की गई।

कार्यकारिणी सभाएं:-दिनांक 14 एवं 28 मई को आईआईजेटी कृष्णा कॉम्पलेक्स में रात्रि 8 बजे आयोजित की गई।

मधुमेह चिकित्सा शिविर :- दिनांक 2 मई को पंसारी लायन्स अस्पताल झुंझुनूं में नि:शुल्क मधुमेह चिकित्सा शिविर का आयोजन मैसर्स सूरजमल पवनकुमार बंका झुंझुनूं एवं शिवकृपा इन्टरप्राइजेज सूरत के आर्थिक सहयोग से संयोजक अशोक सोनी के कुशल निर्देशन में आयोजित किया गया। विस्तृत समाचार अलग से इसी पेज पर।

लायन्स जल मंदिर का शुभारम्भ :- लायन्स क्लब झुंझुनूं द्वारा लायन उमर कुरेशी के सौजन्य से जल मंदिर का शुभारम्भ किया गया। विस्तृत समाचार इसी पेज पर अलग से।

भावी कार्यक्रम

1. मधुमेह चिकित्सा शिविर :-लायन्स क्लब झुंझुनूं द्वारा पंसारी अस्पताल बगड़ रोड़ झुंझुनूं में सूरजमल पवन कुमार बंका झुंझुनूं एवं में सूरजमल पवन कुमार बंका झुंझुनूं एवं शिवकृपा इंटरप्राईजेज सूरत के आर्थिक सहयोग से 6 जून को निशुल्क मधुमेह चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जावेगा। विस्तृत समाचार इसी पेज पर अलग से।

क्लब द्वारा किये जाने वाले स्थायी सेवा कार्य:-

पोलियो एंव टीकाकरण शिविर:- माह के प्रत्येक रविवार को झाबरमल टीबड़ा गेस्ट हाऊस एवं पसांरी अस्पताल झुंझुनूं में प्रात: 9 से 11 बजे बच्चों को नि:शुल्क डीपीटी, बीसीजी के टीके एवं पोलियो ड्राप्स पिलाई जाती है तथा गर्भवती महिलाओं को टीटनेस के टीके लगाये जाते है।

जलमन्दिरों का सचांलन :- चार(4) लायन्स जल मन्दिरों का सफलता पूर्वक सचांलन शहर में विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है।

आक्सीजन सिलेन्डरों की व्यवस्था:- क्लब द्वारा जरुरत मन्द रोगीयों को आवश्यकता पर नि:शुल्क आक्सीजन सिलेन्डर उपलब्ध करवाये जाते है ।

लायन्स अस्पताल का सचांलन:- बगड़ रोड़ स्थित पसांरी लायन्स अस्पताल झुंझुनूं का संचालन स्थायी रुप से किया जा रहा है।

क्लब वैबसाईट:- लायन्स क्लब झुंझुनूं की वैबसाइट नियमित रुप से वैबसाइट चेयरमैन लायन डी.एन. तुलस्यान द्वारा अपडेट की जाती है।

डॉ.जे.सी. जैन की सेवाए :- एमजेएएफ लायन डॉ. जे.सी. जैन अपनी चिकित्सीय सेवाएं पंसारी अस्पताल झुंझुनूं में प्रत्येक रविवार को प्रात: 11 से दोपहर 1 बजे तक लगातार दे रहे है।

आत्म विश्वास व कार्यक्षमता का होना जरूरी- अपर कलेक्टर केएल मीणा

झुंझुनूं, 4 मई : अपर कलेक्टर केएल मीणा ने कहा कि महिला पर्यवेक्षक को आत्म चिन्तन की आवश्यकता है। उन्हों नेतृत्व व कार्य क्षमता को बढाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रेरित करना चाहिए। जिससे बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार तथा कुपोषण को कम किया जा सकता है।

वे मंगलवार को जमुना रिर्सोट में महिला एवं बाल विकास विभाग, केयर संस्था व एसआरकेपीएस के संयुक्त तत्वावधान में महिला पर्यवेक्षक के नेतृत्व विकास एवं क्षमता वर्धन विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में बोल रहे थे। डिप्टी सीएमएचओ डा. प्रताप सिंह दूतड़ ने कहा कि नेतृत्व से ही अच्छी टीम तैयार करके अच्छा कार्य किया जा सकता है। आईसीडीएस के उप निदेशक ओपी मीणा ने महिला पर्यवेक्षकों को क्षेत्र में बेहतर तरीके से कार्य व नेतृत्व करने के सम्बन्ध में जानकारी दी।

जयपुर केयर के रिजनल मैनेजर अरूणांशु चौधरी ने कहा कि नेतृत्व विकास के लिए तकनीकि जानकारी बढाना, क्षमता वर्धन, सहयोगी निरक्षण, आकड़ा प्रबन्धन व विश्लेषण तथा कार्य योजना की जानकारी होनी चाहिए। राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर के एसोसिएट डा. टीसी टीकीवाल, उप निदेशक डब्लूसी ट्रेनिंग अनिल चौधरी, सीडीपीओ बीएल डांगी, श्रीमती लाली दहिया, श्रीमती हेमन्त चौहान, सीपी शर्मा, केयर बीकानेर के गोविन्द त्रिपाठी, केयर चूरू के आबास व एसआरकेपीएस के राहुल ने भी कार्यशाला को सम्बोधित किया। कार्यशाला में जिले के सभी ब्लॉकों में कार्यरत महिला पर्यवेक्षक शामिल हुई। केयर झुंझुनूं परियोजना अधिकारी सुनिता पाण्डे ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

जून माह के व्रतोत्सव पर्व

माई झुं. न्यूज। जून माह की प्रथम तारीख ज्येष्ठ माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि से प्रारम्भ हो रही है। ज्येष्ठ कृष्णपक्ष में एकादशी व्रत उपवास आठ जून मंगल वार को अपरा एकादशी व्रत होगा। इस व्रत से अपार पाप दूर हो जाते है। इस पक्ष में दूसरा प्रदोषव्रत दस जून को है साथ ही इसी दिन से वट सावित्री व्रत तीन दिनों का रहेगा जो पति की रक्षा एवं दीर्घायु के लिये प्रशस्त है। बारह जून शनिवारी देव पितृकार्य की अमावस्य है। इस दिन परलोकस्थ पितृगणों को प्राप्त कराने के लिये कई प्रकार के दान पुण्य किये जाते है तथा तीर्थ स्नान जप तप और व्रतादि का नियम है इन सबके पुण्यांश सूर्य किरणों से आकर्षित होकर परलोक में यथायोग्य प्राप्त होता है।

वट सावित्री व्रत स्कन्द और भष्यिोत्तर पुराण के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा को और निर्णयामृतादि के अनुसार अमावस्या को किया जाता है। इधर हमारे प्रदेश में प्राय: अमावस्या को ही किया जाता है। संसार की सभी स्त्रियों में ऐसी कोई शायद ही हुई होगी जो सावित्री के समान अपने अखण्ड पतिव्रत्य और दृढ प्रतिज्ञा के प्रभाव से यमद्वार पर गये हुए पति को सदेह लौटा लायी हो।

अत: विधवा सधवा बालिका वृद्धा सपुत्रा अपुत्रा सभी स्त्रियों को सावित्री का व्रत अवश्य करना चाहिये। अमावस्या को वट के समीप बैठकर बाँस के एक पात्र में सप्रधान्य भरकर उसे दो वस्त्रों सेढककर वट की पूजा करे ब्रह्म सावित्री तथा सत्य सावित्री की मूर्ति भी सोने या चाँदी की बनकर गन्धाक्षतादि से पूजा करे। वट के सूत लपेटकर वट की पाँच या सात या एक सौ आठ परिक्रमा करें। इससे स्त्रियों का सौभाग्य अखण्ड होता है। ज्येष्ठ शुक्लपक्ष में प्रतिपदा को करवीर व्रत आता है इसमें कनेर के वृक्ष का पूजन होता है। इसको स्नान कराकर लाल वस्त्र ओढावे गन्धपुष्प धूप दीप और नैवेधादि से पूजन करे। यह व्रत सूर्य की आराधना का है। आपदग्रस्त अवस्था में स्त्रियों को तत्काल फल देता है।

ज्येष्ठ शुक्ला तृतीया पन्द्रह जून को पुष्य नक्षत्र है साथ ही इस दिन रम्भ व्रत

एक पार्वती पूजा का विधान है। अत: स्त्रियों को चाहिये कि वे अपने सुख और सौभाग्य के लिये पार्वती जी का प्रीतिपूर्वक पूजन व्रत करे। दशहरा व्रत यह इक्कीस जून को आएगा हस्त नक्षत्र ज्येष्ठ शुक्ला दशमी को हस्त नक्षत्र में स्वर्ग से गंगा का आगमन हुआ था। अतएव इस दिन से गंगा आदि का स्नान अन्न वस्त्रादि का दान जप तप उपासना से दस प्रकार के पाप तीन कायिक चार वाचिक तीन मानसिक पाप दूर होते हैं। इसी दिन गंगा पूजन का विधान है गंगा तट पर न जा सके तो घर में गंगाजल की पूजा कर लेनी चाहिये।

बाईस जून को निर्जला एकादशी का व्रत है जिसे बहुभोजी भीमसेन ने करके समस्त एकादशियों का फल प्राप्त किया था इसी दिन जल धेनू दान का विधान भी है। तेईस जून को प्रदोषव्रत एवं गुजरात में वट सावित्री व्रत प्रारम्भ होगा जो तीन दिनों पूर्णिमा तक चलेगा।

26 जून को ज्येष्ठी पूर्णिमा सत्यव्रत है। एवं ज्येष्ठ मास में जल संबंधी व्रतदान की पूर्णिमा है। सारांश यह है कि ज्येष्ठ मास में भीषण गर्मी जल की कमी से त्रस्त पेड़ पौधों जानवरों पक्षियों प्यासे भूखे लोगों को जलदान के महत्त्व के कारण जलापूर्ति की विशेष व्यवस्था करनी चाहिए।

पंडित महावीर प्रसाद पारीक,
शास्त्री एम ए, संस्कृत, बीदासर- बिसाऊ
मोबाईल- 9460513758

सम्पति मिश्रा रीजन चैयरमेन एवं कैलाशचन्द्र सिंधानिया जोन चैयरमेन बने

माई झु. न्यूज। लायन्स क्लब इन्टरनेशनल प्रान्त 323 ई-1 की आगामी वर्ष 2010-11 की कार्यकारिणी का गठन नवनिर्वाचित प्रान्तपाल विकास गंगवाल ने किया जिसमें लायन्स क्लब झुंझुनूं के अध्यक्ष लायॅन कैलाशचन्द्र सिंधानिया को जोन चैयरमेन शेखावाटी रीजन का बनाया गया है। इसी तरह इसी रीजन में रीजन चैयरमेन लायॅन सम्पति मिश्रा सीकर को नियुक्त किया गया है। दोनों की नियुक्ति पर हमारी हार्दिक बधाई।

लायन्स क्लब नवलगढ के जांगिड़ पुन: अध्यक्ष बने

माई झु.न्यूज। लायन्स क्लब नवलगढ की कार्यकारिणी 2010-11 के चुनावो मे क्लब का अध्यक्ष डॉ. दयाशंकर जांगिड़ को पुन: चुना गया । डॉ. राकेश कुमार शर्मा को सचिव, श्री गोपाल झुंझुनूंवाला को कोषाध्यक्ष, गंगाधरसिंह सुंडा, मोहनलाल सैनी व कैलाश चोटिया को उपाध्यक्ष, नन्दकिशोर सोनी को सहसचिव, शंकरलाल घोड़ेला को सह कोषाध्यक्ष, डॉ. राजेश यादव को सदस्यता वृद्धि चैयरमेन, भंवरसिंह भंवर को पीआरओ, मुरली चोपदार को टेल ट्विस्टर और लियाकत अली धींवा को टेल टेमर बनाया गया। सुधींद्र पूनिया, प्रो.मोतीचन्द मालू, जर्नादल घोड़ेला, अब्दुल जबार खत्री, बाबुलाल सैनी व पुष्पेंदरसिंह को निदेशक मण्डल सदस्य बनाया गया है। विदित है कि लायन्स क्लब नवलगढ विगत 23 वर्षो से जनसेवा कार्य करता आ रहा है।

लायन उमर कुरेशी ने किया रक्तदान

माई झु. 3 मई। नव जीवन अस्पताल सीकर में उपचाररत महिला मरीज को रक्त की आवश्यकता पर लायन क्लब झुंझुनूं द्वारा दो यूनिट रक्तदान कर महिला की जान बचाई गई। लायन्स क्लब झुंझुनूं के भावी सचिव उमर कुरेशी ने एक यूनिट रक्तदान किया। जिसके लिए क्लब अध्यक्ष कैलाशचन्द सिंघानिया सहित अन्य सदस्यों ने उमर कुरेशी के द्वारा रक्तदान किये जाने की सराहना की गई। दो यूनिट ब्लड दान पर महिला के परिवारजनों ने लायन्स क्लब झुंझुनूं का आभार जताया।

परिंडे लगाने कार्यक्रम का शभारम्भ किया

माई झुं. 5 मई। स्थानीय रोड़ नम्बर 3 स्थित कुरैशी हाउस में लायंस क्लब के तत्वावधान में आओ परिंडे लगाये कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिहारीलाल एवं डीएसपी अर्जुन सिंह ने पक्षिओं के लिए परिंडे लगाकर किया।

बिहारीलाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सब का दायित्व है कि हम भी पक्षियों एवं पशुओं के लिए पीने के पानी के लिए परीन्डे या खेळ लगवाने का पुनीत कार्य करे। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक उमर कुरैशी, क्लब अध्यक्ष केसी सिंघानिया, सचिव प्रमोद तुलस्यान, उपाध्यक्ष डॉ. एनएस नरूका, ओमप्रकाश जांगिड़, फारूक लुहार, अमरनाथ जांगिड़, नरेन्द्र व्यास सहित क्लब सदस्य उपस्थित थे।

अन्नपूर्णा योजना के गेहूं का आवंटन

झुंझुनूं, 24 मई: राज्य सरकार ने जिले में अन्नपूर्णा में चयनित 2 हजार 445 परिवारों को अप्रैल से सितम्बर तक के लिए आवंटित 244.50 क्विन्टल गेहूं का आवंटन किया है। जिला रसद अधिकारी हरभजन सिंह ने थोक विक्रेताओं को आवंटित खाद्यान्न को निर्धारित तिथि तक उठाव करके चयनित लाभार्थियों को वितरित करने के निर्देश दिए हैं।

सूरजमल पवन कुमार बंका एवं शिव कृपा इन्टरप्राइजेज सूरत के आर्थिक सहयोग से निशुल्क मधुमेह शिविर

माई झु. 2 मई। बगड़ रोड़ स्थित छंगुराम पंसारी लॉयन्स मातृ शिशु केंद्र में रविवार को लॉयन्स क्लब के तत्वाधान में हर माह आयोजित मधुमेह चिकित्सा शिविर का 178 रोगियों ने लाभ उठाया। शिविर संयोजक अशोक सोनी ने बताया कि सूरजमल पवन कुमार बंका एवं शिवकृपा इंटरप्राईजेज सूरत के आर्थिक सौजन्य से लगाए गए शिविर में डा. जे.सी.जैन ने अपनी सेवाएं देकर रोगियों की जांच एवं उपचार किया। शिविर में रोगियों को 15 दिवस की दवाओं का नि:शुल्क वितरण किया गया। क्लब अध्यक्ष कैलाश सिंघानियां, सत्यनारायण शर्मा, रतनलाल शर्मा, अमरनाथ जांगिड़, विनोद सिंघानियां, रमेश जांगिड़, कैलाश टेलर, राधाकृष्ण माथुर, परशुराम सोनी ने सहयोग दिया।

शक्तिधाम केड मंदिर में एम्बुलेंस सेवा प्रारम्भ

माई झुं. न्यूज। क्षेत्र के जरूरतमंद व्यक्तियों की सेवा के क्रम में शक्तिधाम केड मंदिर ट्रस्ट की ओर से एम्बुलेंस सेवा प्रारम्भ की गई है। जानकारी देते हुए कन्हैयालाल केडिया ने बताया कि उक्त एम्बुलेंस हाउस ऑफ केडिया की ओर से श्रीमती सुदामा देवी केडिया द्वारा केडिया सभा ट्रस्ट केड को प्रदान की गई। नि:सन्देह उक्त एम्बुलेंस से क्षेत्र के व्यक्तियों को लाभ मिलेगा। एम्बुलेंस का मोबाईल फोन नंबर 7742603527 है जिस पर फोन करके इस एम्बुलेंस सेवा सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है।

प्रभात फेरी किसके लिए.....?

गाय एक विश्व वन्दनीय जीव है, परोपकार की जागृत मूर्ति है, लेकिन गाय की मजबूरी इतनी है कि वह अपने मुख से भगवान का नाम नहीं ले सकती, हमारे द्वारा प्रभात फेरी में लिया हुआ भगवान का नाम उस गाय माता हो प्राप्त होता है।

पवित्र प्रकृति पेड़-पौधे, नदी, कुएं, तालाब ये सभी दिन रात हम सभी मनुष्यों का हित करते रहते हैं, पर इनको इतना परोपकार करने के बाद भी भगवान का नाम लेने का सौभाग्य प्राप्त नहीं होता है। हमारे द्वारा प्रभात फेरी में लिया हुआ हरी नाम इन प्रकृति के जीवों को धन्य बनाता है व इनका विशेष भाव मनुष्यों को समृद्ध करता है। प्रभार फेरी में प्रात:काल की सुन्दर वेला में सहज में साधना हो जाती है, नाम कीर्तन के कारण सहज ही प्राणायाम हो जाता है, शहर के सभी हरी भक्तों से प्रतिदिन भेंट हो जाती है, अपनी दिनचर्या का एक मंगलमय प्रभुमय शुभारम्भ हो जाता है। प्रभात फेरी एक, पर लाभ अनेक आप प्रभात फेरी में सम्मिलित होकर स्वयं ही उसका लाभ महसूस कर सकते हैं।

श्री श्याम नित्य ज्योत पाठ एंव नानी बाई का मायरा का सफल आयोजन

माई झु.9 मई। श्री श्याम प्रचार मण्डल सूरत द्वारा रविवार को सूरत में श्री श्याम नित्य ज्योत पाठ एवं नानी बाई का मायरा का भव्य एंव विशाल धार्मिक आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए मण्डल प्रवक्ता शिव प्रसाद पोद्दार ने बताया कि घोड़ दौड़ रोड काकडिया कॉम्प्लेक्स के पास वृन्दावन पार्क में आयोजित उक्त समारोह में मुम्बई के श्रीमंगलजी द्वारा रचित श्रीश्याम नित्य ज्योत पाठ की कोलकाता के शिबू जालान मुख्य पाठ वाचक एवं भजन गायकार ने शानदार प्रस्तुती दी। समारोह के मुख्य संयोजक अनील रूंगटा व विनय बेरीवाला ने बताया कि पाठ के मुख्य प्रसंग भीम विवाह, कन्यादान, जन्मोत्सव बधाई एवं शीशदान की विशेष नृत्य प्रस्तुतिया कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण थी। समारोह के मुख्य अतिथि प्रतीक ग्रुप के रामप्रकाश बेडिया थे तथा विशिष्ठ अतिथि के रुप मे उपस्थित थे तरुण अग्रवाल, दीनदयाल सरावगी, अजय अग्रवाल एंव सुरेश गोयल। मुख्य पाठ वाचक एवं भजन गायकार शिबू जालान का स्वागत माल्यार्पण के साथ किया मण्डल के संरक्षक कौशल खण्डेलिया ने।

मण्डल अध्यक्ष पूर्णमल अग्रवाल एवं सचिव संदीप बेरीवाला ने बताया कि



इस धार्मिक कार्यक्रम में श्याम प्रभु का आलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग, अखण्डज्योत, सवामणी भण्डार के कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में भक्तगणों के उपस्थित होने से समारोह को चार चान्द लग गये। पाठ संयोजक योगेश रामसरिया ने बताया कि पाठ का समय दोपहर 12.21 बजे से रखा गया थौ तथा रात्रि 8 बजे आयोजीत महाप्रसाद भण्डारे मे 6 हजार से ज्यादा की सख्यां मे श्रीश्याम भक्त उपस्थित थे। उक्त पाठ में दो हजार एक सौ एक आसन पर श्याम भक्तो ने श्याम नित्य ज्योत पाठ किया। श्रीश्याम प्रभु का दरबार हुबहू खाटू श्रीश्याम मन्दिर के जैसा सजाया गया था। भजन गायकार नरेश मुरारका एंव संजय अग्रवाल ने सुन्दर भजनो की रसगगां बहाई। इस अवसर पर पवन मोदी, कुंजबिहारी केडिया, मधु केडिया, गणेश बेरीवाला, पकंज बेरीवाला, महेन्द्र गाडिया, सुरेंन्द्र गाडिया, सुशी मित्तल, अमित मोदी, विशाल गुप्ता, सुरेन्द्र तोलासरीया सहित अन्य मण्डल कार्यकर्ताओ का सराहनीय योगदान रहा। विदित है कि सूरत में श्री श्याम प्रचार मण्डल द्वारा विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाती है। मण्डल द्वारा प्रत्येक माह के रविवार को श्री श्याम नित्य ज्योत पाठ का आयोजन किया जाता है। मोबाइल शीतल जल प्याऊ के साथ शहर में सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में नि:शुल्क शीतल जल की सुविधा प्रदान की जाती है। रक्तदान शिविरों का आयोजन तथा प्राकृतिक विपदा में मण्डल द्वारा आर्थिक सहयोग तथा सेवाएं देना प्रमुख है।

लायंस क्लब झुंझुनूं द्वारा उमर कुरैशी के आर्थिक सौजन्य से जल मंदिर का उद्घाटन

माई झुं.3 मई। लायंस क्लब के तत्वावधान में वार्ड नम्बर 13 स्थित मिल्लत नगर में उमर कुरैशी के आर्थिक सौजन्य से निर्मित जल मंदिर का सोमवार को समारोहपूर्वक उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिहारीलाल थे। अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष कैलाश चंद सिंघानिया ने की। विशिष्ट अतिथि अर्जुनसिंह व हाजी मकबूल हुसैन थे। अतिथियों ने जल मंदिर का उद्घाटन फीता काटकर किया। अतिथियों ने प्याऊ लगाने के कार्य को पुण्य का कार्य बताते हुए कहा कि पानी की समस्या को देखते हुए पानी बचाना भी आवश्यक है।

इस अवसर पर प्रमोद तुलस्यान, डॉ. आरके सुमन, डॉ. एनएस नरूका, रियाज फारूकी, विकलांग सेवा संस्थान के प्रदेश महामंत्री हरचंद सिंह महला, अमरनाथ जांगिड़, ताराचंद बुडानिया, हाजी आमीन, शाहिद कुरैशी, ओमप्रकाश जांगिड़, नरेन्द्र व्यास, हाजी मौहम्मद अली, अब्दुल करीम, फारूक लुहार, कालू स्वामी, शंकरलाल मीणा, शौकत चायल, सादाब कुरैशी, आसीफ कुरैशी, रसीद मनियार सहित शहर के गणमान्यजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के संयोजक उमर कुरैशी ने सभी का आभार जताया।

हार्दिक श्रृद्धांजलि

- **श्री विश्वनाथ टीबड़ा** श्री श्यामसुन्दर टीबड़ा एवं दीपक कुमार टीबड़ा के पिताश्री, दीपू ट्रेड एजेन्सी कपड़ा बाजार झुंझुनूं का स्वर्गवास 8 मई 2010 को
- **श्री मोहनलाल जी लुहारूका** सुपुत्र स्व. श्री बशेशरलाल जी लुहारूका मलसीसर - श्री रमेशकुमार, महेन्द्रकुमार, चन्द्रशेखर एवं अनिलकुमार लुहारूका के पिताश्री का स्वर्गवास 11 मई 2010 को।
- **डॉ. राजेश खेतान** सुपुत्र श्री परमेश्वरलाल जी खेतान खतेहपुरा निवासी, खेतान अस्पताल जयपुर का आकस्मिक निधन 14 मई 2010 को
- **श्रीमती सरोज देवी पंसारी** धर्मपत्नी श्री रविकान्त पंसारी सुपुत्र स्व. श्री राधेश्याम जी पंसारी का आकस्मिक निधन 17 मई 2010 को।
- **श्री छाजूराम जगनानी** सुपुत्र श्री गोरीशंकर जी जगनानी गुदड़ी बाजार झुंझुनूं का आकस्मिक निधन मई 2010 को

जो हमसे बिछुड़ गये है हम उनके प्रति शोक प्रकट करते है एवं परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करते है कि वे दिवंगत आत्मा को शांति एवं सदगति प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिवारों को यह आघात सहन करने की शक्ति दें। -माई झुंझुनूं डॉट कॉम परिवार